सार-समाचार

करनाली गांव की गवरी ने मन मोहा

उदयपुर, (कासं)। करनाली गांव की गवरी के दल ने अपनी प्रस्तुतियों से स्थानीय दर्शकों एवं सैलानियों का मन मोह लिया। निदेशक डॉ. लईक हुसैन एवं आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्था के निदेशक ओ.पी. जैन ने बताया कि मेवाड़ अंचल के भील जनजाति समाज द्वारा अपनी बहनों, बेटियों कि समृद्धि, शान्ती तथा पशुधन की सम्पन्नता की कामना को दृष्टिगत् रखते हुए राखी के दूसरे दिन से लगभग 40 दिन तक माँ गौरी की आराधना में गवरी नृत्य नाट्य का पारम्परिक आयोजन किया जाता है। जिसमें गवरी के कलाकार प्रण लेते हैं कि वो 40 दिन तक मांस, मदीरा एवं हरी सब्जियों का उपयोग नहीं करेगें और माँ गौरी से प्रार्थना करेंगे की उनकी बहने, बेटियाँ और उनका परिवार उनका पशुधन खुशहाल रहें। नाटिका में गजानन्द जी, भंमरिया, कालू कीर, भोमला, भियावड, बादशाह की सवारी, रेबारी का खेल, बालदिया का खेल, बंजारा-बंजारी आदि पात्रों को मंचित किया गया। उद्घाटन अवसर पर प्रज्ञा केवल रमानी, संभागीय आयुक्त, आयुक्त जनजातिय क्षेत्रीय विकास विभाग, उदयपुर, छोगा राम देवासी, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त, उदयपुर, प्रज्ञा सक्सैना, प्रभारी अधिकरी कला एवं संस्कृति विभाग, टी आर आई, निदेशक, टी आर आई आदि ने विधिवत पूजा अर्चना एवं मुख्य कलाकारों को माल्यर्पण कर शुरूआत की।

जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राव गोपाल सिंह आसोलिया के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष डॉ कमलेश नवनीत शर्मा एवं प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के नाम जिला कलेक्टर उदयपुर अरविंद कुमार पोसवाल को ज्ञापन सौंप कर राजस्थान में शिक्षक एवं कर्मचारियों के लिए स्थाई एवं पारदर्शी स्थानांतरण नीति शीघ्र लागू करने हेतु ज्ञापन प्रस्तुत किया जिसका मुख्य आधार राजस्थान के प्रत्येक प्रधानाचार्य से लेकर शिक्षक एवं कर्मचारियों के लिए समेकित सेवा अवधि का 5॰प्रति ग्रामीण क्षेत्र के लिए अनिवार्य रूप से लागू किए जाने की मांग प्रमुखता से रखी । मीडिया प्रभारी आसोलिया ने बताया कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखा जावे वही न्यायालय में प्रकरणों के चलते उप प्रधानाचार्य पदों को तत्काल समाप्त कर पूर्ववर्ती व्यवस्था लागू की जाए जिसमें व्याख्याता एवं प्राध्यापक से सीधे प्रधानाचार्य पद पर शत प्रतिशत पदोन्नति प्रक्रिया लागू की जावे वही राजस्थान में साठ हजार से अधिक प्राध्यापकों के लिए सम्मानजनक एसीपी तृतीय एसीपी एल 16 में स्वीकृत की जावे विद्यालयों में भौतिक संसाधनों के लिए सरकार द्वारा हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा प्रत्येक विधानसभा के लिए पहली बार 3 करोड रुपए का प्रावधान रखा गया है जो की बहुत ही स्वागत योग्य कदम है क्योंकि इसकी मांग बजट से पूर्व मीडिया प्रभारी आसोलिया द्वारा सरकार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं मुख्यमंत्री को प्रस्तुत की गई थी जिसकी घोषणा सम्मान योग्य है वहीं बजट के दौरान 250 करोड रुपए का प्रावधान विद्यालय भवनों की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए प्रावधान किया गया था।

पीएम सूर्यघर लाभार्थी शिविर 12 को

उदयपुर, (कासं)।अजमेर विद्युत वितरण निगम की ओर से गुरुवार 12 सितंबर को उदयपुर वृत्त के उपखण्ड कार्यालय गुलाबबाग पावर हाउस मे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक पीएम सूर्यघर लाभार्थी शिविर का आयोजन किया जाएगा। अधीक्षण अभियंता के.आर.मीना ने बताया कि शिविर में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में जानकारी देकर उपभोक्ताओ को जागरूक किया जाएगा। योजना के तहत उपभोक्ता अपने घर की छतों पर सोलर पैनल लगवाने में सब्सिडी एवं लोन प्राप्त कर सकता है।

जितेन्द्र ने कुश्ती में जीता गोल्ड

उदयपुर, (कासं)।68वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता छात्र-छात्रा के प्रथम समूह में आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बड़ागांव के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। शारीरिक शिक्षिका लता गहलोत ने बताया कि कुश्ती प्रतियोगिता (68 किग्रा ग्रीको वर्ग) में कक्षा 10 के जितेंद्र सेन ने गोल्ड मेडल जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कराटे प्रतियोगिता अंडर 19 वर्ग में पूनम नागदा और जूडो अंडर 17 में नैतिक ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय को वर्णन किया। प्रधानाचार्य वन्दना गिलूंडिया आदि ने खिलाड़ियों को पदक जीतने के लिए बधाई दी।

गुणवत्तायुक्त उत्पादों पर हर उपभोक्ता का अधिकार : सुबीर

उदयपुर, (कासं)। उपभोक्ता मामले विभाग तथा भारतीय मानक ब्यूरो के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को संभागीय स्तरीय दक्षता निर्माण कार्यशाला जयपुर स्थित सचिवालय में उपभोक्ता मामले विभाग के प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार की अध्यक्षता में हुई। उदयपुर में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त छोगाराम देवासी, संभागीय उपभोक्ता अधिकार संरक्षण अधिकारी जयमलसिंह राठौड़, जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर, प्रवर्तन अधिकारी, प्रवर्तन निरीक्षक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-प्रतिनिधि डीओआईटी सभागार में वीसी के माध्यम से कार्यशाला से जुड़े।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार ने

■ **उपभोक्ता मामले विभाग व भारतीय मानक ब्यूरो की दक्षता निर्माण कार्यशाला**

कहा कि हर आम और खास व्यक्ति उपभोक्ता है। गुणवत्ता युक्त उत्पाद प्राप्त करना हर उपभोक्ता का अधिकार है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ कम पढ़े लिखे या गरीब व्यक्ति ही ठगी का शिकार होते हैं, कई बार पढे लिखे और संपन्न व्यक्ति भी दूसरों के भरोसे रहते हुए सब स्टैण्डर्ड सामग्री क्रय कर लेते हैं। इसलिए उपभोक्ता मामलों के संबंध में नवीनमत जानकारियां रखना सभी के लिए आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि सरकारी तौर पर क्रय से जुड़े विभागों यथा पीडब्ल्यूडी, पीएचईडी, नगर निगम, रसद आदि के अधिकारियों को गुणवत्ता मानकों के संबंध में जानकारी होनी चाहिए, ताकि खरीदी के समय उनका ध्यान रखा जा सके। भारतीय मानक ब्यूरो की निदेशक पूनम प्रसाद सागर ने कहा कि भारत सरकार उपभोक्ता जागरूकता को लेकर गंभीर है। भारतीय मानक ब्यूरो ने हर उत्पाद के लिए मानक तय कर रखें हैं तथा उसके अनुरूप ही उत्पाद लाईसेंस जारी होते हैं। कार्यशाला का उद्देश्य भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से जारी होने वाले मानक चिन्हों की पहचान, विभिन्न उत्पादों के लिए स्टैण्डर्ड कोड आदि के बारे में जानना है। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने बीआईएस केयर एप के माध्यम से उत्पादों के मानक, लाईसेंस आदि की ऑनलाइन जानकारी प्राप्त करने, स्वर्ण आभूषणों को जारी किए जाने वाले होलमॉर्क, अनिवार्य पंजीयन योजना चिन्ह, प्रबंधन प्रणाली प्रमाण चिन्ह तथा पर्यावरण अनुकूल विर्निमाण से संबंधित इको मॉर्क आदि के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया।

भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से आयोजित वर्चुअल कार्यशाला से जुड़े अतिरिक्त संभागीय आयुक्त छोगाराम देवासी सहित अन्य अधिकारीगण।

उद्यमिता, नवाचार व कला प्रदर्शनी

उदयपुर, (कासं)। संसाधन प्रबंधन और उपभोक्ता विज्ञान विभाग, सामुदायिक एवम व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा आर्ट एक्सपो 2024 का आयोजन किया जहां छात्रों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यहां छात्रों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों, नवाचार उत्पादों और उद्यमिता से जुडे उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। कुलपति प्रो. अजीत कुमार कर्नाटक ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और छात्रों की कडी मेहनत तथा समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा, यहां प्रदर्शित रचनात्मकता का स्तर वास्तव में प्रेरणादायक है।

सरोज कर्नाटक ने बारीकी से कला प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए बच्चो के उत्कृष्ट कार्य, कलात्मकता और मेहनत को सराहा। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. धृति सोलंकी ने कहा, यह कार्यक्रम हमारे छात्रों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयास को दर्शाता है। कलाकृतियों के अलावा विभाग ने समारोह में पर्यावरण अध्ययन एवम आपदा प्रबंधन तथा इंद्रधनुष आंतरिक सज्जा में रंग व प्रकाश का महत्व नामक पुस्तकों का विमोचन भी किया।

भाजपा देहात अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष को पद से हटाया

उदयपुर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के उदयपुर में एक नेता का एक महिला के साथ संदिग्ध हालत में वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर आया। वीडियो से भाजपा में हड़कंप मच गया और उसके बाद भाजपा ने उदयपुर भाजपा देहात अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष नत्थे खां पठान को पद मुक्त कर दिया।

जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब 10.14 बजे कुराबड-बंबोरा क्षेत्र के एक ग्रुप में खान के मोबाइल से ही वीडियो फोटो शेयर किया गया और बाद ग्रुप के कुछ लोगों ने पठान को निजी स्तर पर इसकी जानकारी दी। पठान ने अगले एक मिनट में 6 वीडियो और फोटो डिलीट भी कर दिए थे। इससे पहले ही ग्रुप के कई लोग इसे डाउनलोड कर चुके थे। इस बारे में नत्थे खान का कहना है कि जो महिला साथ है वह उनकी पत्नी है और जिसने मेरे मोबाइल से इसे ग्रुप में डाला है उसके खिलाफ कार्रवाई करूंगा। बाद में नत्थे खां ने 57 सेकंड का वीडियो डालकर सोशल मीडिया पर खुद की ओर से सफाई दी। इसमें कहा कि वीडियो में वह और

■ **भाजपा देहात अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष का महिला के साथ संदिग्ध हालत में वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर आने से भाजपा में मचा हडकंप**

उनकी पत्नी के बीच संवाद हो रहा है। ये उनका व्यक्तिगत जीवन है। समाजसेवी होने के कारण घर पर कई लोगों का आना जाना रहता है। किसी ने उनके मोबाइल से वीडियो शेयर कर दिए है। ये शर्मनाक है और वे इसकी जांच कराएंगे। पठान ने आरोप लगाया कि उनका राजनीतिक जीवन खत्म करने वाले लोगों ने जानबूझकर उनकी छवि को बिगाड़ने के लिए यह कृत्य किया है। ये शर्मनाक है और वे इसकी जांच कराएंगे। आपको बता दें कि भाजपा में अल्पसंख्यक नेता के रूप में पठान की छवि कद्दावर नेता के तौर पर रही है। बीते 10 साल में लगातार तीसरी बार पठान को मोर्चा जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली। उनके परिवार का भी राजनीति में दबदबा रहा है। उनकी पुत्रवधु आसमां खान 2015 में कुराबड में भाजपा के टिकट पर पंचायत समिति सदस्य का चुनाव जीतीं और पार्टी से बगावत कर निर्दलीय प्रधान बनी। हालांकि, बाद में उन्होंने भाजपा में ही बने रहने की घोषणा कर दी थी। इस बारे में नत्थे खान ने कहा कि मैंने अपनी पार्टी को भी स्पष्टीकरण दे दिया है।

इस सम्बन्ध में देहात भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. चंद्रगुप्तसिंह चौहान ने कहा कि वीडियो आने की जानकारी मिलते ही नत्थे खां पठान को पद से हटा दिया गया। मामले के संबंध में पार्टी के प्रदेश स्तरीय नेताओं को भी जानकारी दी गई है। चौहान ने कहा कि भाजपा ही नहीं किसी भी राजनीतिक और सांस्कृतिक संगठन से जुडे प्रतिनिधि को ऐसी गतिविधियों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। इस तरह की गतिविधियां सामाजिक तौर पर दुखदायी हैं। ऐसी गतिविधियों को लेकर समाज चिंतकों को विचार करने की जरूरत है।

सार-समाचार

वृद्धा के गले से चेन ले भागे बदमाश

उदयपुर, (कासं)। भूपालपुरा थाना क्षेत्र में बुधवार को दिन दहाडे 60 साल की बुजुर्ग महिला के साथ चेन स्नेचिंग की वारदात हो गई। महिला एम रोड स्थित अपने घर के बाहर ही टहल रही थी। तभी काले रंग की पल्सर बाइक पर दो बदमाश आए और महिला के गले से सोने की चेन तोडकर फरार हो गए। महिला ने शोर मचाया और आसपास लोग तुरंत दौडकर पहुंचे। तब तक बदमाश बंशीपान वाले रास्ते की तरफ से फरार हो गए।थानाधिकारी मुकेश सोनी ने बताया कि चंदा हरकावत नाम की महिला के साथ वारदात हुई। दो बाइक सवार बदमाश थे। वे महिला को टहलता देख रुके। एक ने बाइक चालू रखी। दूसरे ने बाइक से उतरकर महिला की चेन तोडी और फरार हो गए। पीडति महिला ने मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए बदमाशों की पहचान की जा रही है।पीडित चंदा हरकावत ने बताया कि मैं घर के बाहर टहल रही थी। तभी मेरे पीछे एक लडका आया और मेरा पल्लू हटाकर गले की चेन तोडकर भाग गया। मैंने पीछे मुडकर देखाए तब तक वह अपने साथी बाइक सवार लडके साथ भाग गया। मैंने शोर भी मचाया। आसपास के कुछ लोग आए लेकिन तब तक बदमाश भाग गए।

माल सहित कंटेनर चोरी

उदयपुर, (कासं)। चालक को बेहोश कर माल सहित कंटेनर चोरी करने वाले के खिलाफ प्रतापनगर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित सूरज कुमार वर्मा पुत्र राधेनाथ वर्मा निवासी संगीपुर प्रतापगढ युपी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 3 सितंबर को पापीनथ भिवण्डी से30 लाख रूपये के चद्दर लेकर ब्राईट रोडवेज प्रा. लि. जरिये एट्रांस फ्राईट कोरियर दिल्ली से माल भर कर मुम्बई ले जाने के लिए रवाना हुआ। 5 सितंबर को सवेरे देबारी बाईपास पर पहूंचा। जहां घुटखा खरीदने के लिए रूका। इस दौरान मिले व्यक्ति ने स्वयं को चालक बताते हुए कांदला में वाहन खरा होने की बात कही तथा साथ ले चलने को कहा। इस पर उसे साथ ले लिया। जहां बीच रास्ते में पराई महाराजा होटल पर खाना खाया। जहां उसने मुझे गुटका खिलाया उसके कुछ ही समय बाद मैं अचेत हो गया। दूसरे दिन 6 सितंबर को जांग होने पर रोड़ किनारे पड़ा था। पूछताछ की तो मंगलवाड़ निम्बाहेड़ा हाइवे पर होने की जानकारी मिली।

हादसे में दो श्रमिकों की मौत

उदयपुर, (कासं)। सविना थाना क्षैत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार श्रमिक की मौत हो गई। अन्यत्र नाई थाना क्षैत्र में हुए सड़क हादसे में घायल श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सविना थाना क्षैत्र डाकन कोटड़ा रोडद्य पर मंगलवार को अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे मे बाइक चालक कृष्णा कॉलोनी लालमगरी निवासी चन्दनसिंह पुत्र विजयसिंह राजपूत गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई नवीन कुमार ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। इसी तरह शहर के नाई थाना क्षैत्र में गत दिनों हुए सड़क हादसे में घायल सेरा गवाड़ी हॉल बडी उन्दरी निवासी जगदीश (26) पुत्र शिवा मीणा गंभीर घायल हो गया। जिसे 108 की मदद से एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई।

अवैध डोडा चूरा बेचने के मामले में तीन धरे

उदयपुर, (कासं)।खेरोदा थाना पुलिस ने अवैध डोडा चुरा कब्जे में रख परिवहन करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल केनिर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह जैन के सुपरविजन में खेरोदा थानाधिकारी रोगेंग पाटीदार के नेतृत्व में गठित दल ने कार्याही करते हुए खेरोदा थाने के प्रकरण संख्या 75/2023 एनडीपीएस एक्ट मामले में डेढ वर्ष से फरार आरोपी मदनलाल पुत्र भुरालाल निवासी नारायणपुरा भीण्डर, कालुलाल निवासी नारायणपुरा भीण्डर तथा अमरचंद निवासी जलखेड़ी मंगलवाड़ चित्तौडगढ हॉल नारायणपुरा भीण्डर को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्मतार किया।

वाकपीठ का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। जिले के गोगुन्दा ब्लॉक मुख्यालय पर प्रधानाचार्य वाकपीठ का आयोजन किया गया। वाकपीठ के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी व कश्ती फाउंडेशन प्रमुख श्रद्धा मुर्डिया, वाकपीठ अध्यक्ष कपिल श्रीमाली व संरक्षक प्रेरणा नौसलिया ने मां सरस्वती का पूजन किया। इस मौके पर श्रद्धा मुर्डिया ने कहा कि प्राचीन काल से लेकर ही शिक्षक की भूमिका राष्ट्र निर्माता के रूप में रही है और आज भी शिक्षक राष्ट्र निर्माता बना हुआ है। शिक्षक अपना बेहतर देते हुए न सिर्फ विद्यार्थियों के कैरियर निर्माण के सारथी बनते हैं अपितु वे एक जिम्मेदार नागरिक और पेशेवर के रूप में सुदृढ राष्ट्र निर्माण की आधारशिला भी स्थापित करते हैं। वार्ताकार डॉ. निष्ठा जैन व मार्गदर्शक डॉ मुकेश पारीक ने भी विचार व्यक्त किये। वास्तुकार सुनील एस लड्ढा और सृजनधर्मी शिक्षक हेमन्त जोशी ने भी कला के माध्यम से करियर निर्माण विषय पर वार्ताएं देकर संभागियों को प्रोत्साहित किया।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल,वृत,उदयपुर
(RHB Office Building चारण जिण्डा सेक्टर-11, उदयपुर-313001)

क्रमांक:-उप.आ.आ./वृत्त-उदय/2024-25/558
दिनांक:-14.8.2024

-: जाहिर आम सूचना (दौहरा रजिस्ट्री) :-

आवास संख्या 2-क-19 माप 110.00 वर्ग यार्ड योजना हिरण मगरी सेक्टर-5 आवासीय योजना शहर उदयपुर द्वारा श्री पूरन कुमार को आवंटन पत्रांक 9397 दिनांक 23.09.1977 को आवास का आवंटन कर भौतिक कब्जा दिया गया। मूल आंवटी ने आवास का बेचान अपंजीकृत दस्तावेजों के आधार पर दिनांक 17.12.1981 को श्री जगतराम पिता श्री अर्जुन दास को किया गया तथा दिनांक 17.09.1983 को श्री जगत राम ने श्री भगवान दास मोगरी पिता स्व.लख्मी चन्द को बेचान किया गया। उक्त आवासका नियमितिकरण/अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 248 दिनांक 11.05.2018 द्वारा श्री भगवान दास मोगरी पिता स्व.लख्मी चन्द को जारी किया गया। इस आवास का प्रथम पंजीयन दिनांक 18.06.2018 को श्री भगवान दास मोगरी पिता स्व.लख्मी चन्द द्वारा अपने पक्ष में करवाया गया।

श्री भगवान दास मोगरी पिता स्व.लख्मी चन्द की मृत्यु दिनांक 23.01.2022 को हो जाने के पश्चात उनकी पत्नि श्रीमती सुनीता मोगरी पत्नि स्व.श्री भगवान दास मोगरी ने मृतक के कानूनन उत्तराधिकारी होने का दावा करते हुए उक्त आवास का नामान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु मण्डल में आवेदन किया। कार्यालय के पत्र क्रमांक 967 दिनांक 08.11.2023 द्वारा श्रीमती सुनीता मोगरी पत्नि स्व.श्री भगवान दास मोगरी को कार्यालय आदेश जारी किया गया। श्रीमती सुनीता मोगरी पत्नि स्व.श्री भगवान दास मोगरी ने उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र (पंजीकृत) आलेखित कर दिनांक 11.12.2023 को श्रीमती दीपिका लोढा पत्नी श्री जितेन्द्र लोढा के पक्ष में किया गया। इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2054 दिनांक 20.02.2024 द्वारा श्रीमती दीपिका लोढा पत्नी श्री जितेन्द्र लोढा को कार्यालय आदेश जारी किया गया। ततपश्चात श्रीमती दीपिका लोढा पत्नी श्री जितेन्द्र लोढा ने पुनः उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र (पंजीकृत) आलेखित कर दिनांक 13.06.2024 का श्रीमती सिंपल मंत्री पत्नी श्री कमलेश कुमार मंत्री के पक्ष में किया गया।

श्रीमती सिंपल मंत्री पत्नी श्री कमलेश कुमार मंत्री ने प्रार्थना पत्र, आवश्यक प्रपत्र मण्डल के निर्धारित प्रपत्रों में प्रस्तुत कर इस कार्यालय में निवेदन किया कि उक्त आवास को उनके नाम कर दिया जावें।

अतः इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 10, दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण आवास संख्या 2-क-19, हिरण मगरी सेक्टर-5 आवासीय योजना, उदयपुर का नामान्तरण श्रीमती सिंपल मंत्री पत्नी श्री कमलेश कुमार मंत्री के पक्ष में हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-उदयपुर

उदयसागर से पानी निकासी बढ़ाई

उदयपुर,(कासं)।भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए जलसंसाधन विभाग ने उदयसागर के दोनों गेट एक-एक फीट से बढाकर पांच पांच फीट खोलकर पानी की निकासी बढा दी है।

इधर, झाडोल के ओगणा में बुधवार सुबह 10 बजे से करीब 1 घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई। 42.8 फीट क्षमता वाला ओगणा बांध ओवरफ्लो हो गया है। पीपल बारा नाला उफान पर चल रहा है।मौसम विभाग के संभाग में भारी बारिश के अलर्ट के के चलते जलसंसाधन विभाग झीलों से पर्याप्त मात्रा में पानी निकासी करने की जुगत में लग गया है । उदयसागर के दोनों गेट एक एक फीट खुले थे, उनको अब पांच पांच फीट खोल दिया है। उदयसागर के दोनों गेट सोमवार को छह छह फीट खुले थे, उनको मंगलवार को सिर्फ एक एक फीट कर दिया था।उदयसागर के दोनों गेट पांच.पांच फीट खोलने से अब झील से 1596 क्यूसेक पानी की निकासी होने लगी है। हालांकि अभी भी उदयसागर का जलस्तर 24 फीट के मुकाबले करीब 23 फीट है, संभावित खतरा अभी भी टला नहीं है। वही फतहसागर का जलस्तर 13 फीट पूर्ण भराव स्तर से ऊपर (सवा 13 फीट से ऊपर) बना हुआ था लेकिन आज फतहसागर का जलस्तर कम होकर 13 फीट पर आ गया है। इससे झील मध्य स्थित नेहरू गार्डन में पानी घुसने की संभावना फिलहाल कम हुई है। उदयपुर विकास प्राधिकरण ने हाल ही में लाखों रूपए खर्च कर नेहरू गार्डन में विकास कार्य करवाए है।

सामान चोरी

उदयपुर, (कासं)। शहर के गोवर्धन विलास थाना क्षैत्र में स्थित दुकान का चोर ताला तोड़ कर सामान चुरा ले गए।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोकुल विलेज सेक्टर 9 सविना निवासी की गोवर्धन विलास ट्रांसपोर्ट नगर स्थित दुकान का 30 अगस्त रात में अज्ञात चोर ताला तोड़ कर फ्रीज कम्प्रेशर, कूलर, बर्तन सहित अन्य सामान चुरा ले गए। इसका पता चलने पर पडताल करने के बाद सुराग नहीं लगने पर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया।

एम.जी. कॉलेज में मीरा भजन कार्यशाला

उदयपुर, (कासं)। राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय में संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली के तत्वावधान में संत मीराबाई की जयंती के पर कला धरोहर श्रृंखला के तहत दो दिवसीय मीरा भजन कार्यशाला का शुभारंभे मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन से हुआ। प्राचार्य प्रो.डॉ दीपक माहेश्वरी ने विद्यार्थियों को कला का महत्व बताया। पुणे की कलाकार सानिया पाटनकर ने विद्यार्थियों को रियाज की बारीकियों से अवगत कराते हुए तीनों सप्तको में स्वरों का अभ्यास कराया। संत शिरोमणि मीराबाई के भजन पायो जी मैंने राम रतन धन पायो सिखाया और भजन गायकी में स्वर के लगाव और बारीकियां से भाव उत्पन्न की प्रक्रिया से अवगत करवाया।

प्रदर्शनी के दूसरे दिन दिखा खासा उत्साह

उदयपुर, (कासं)। ऑन-लोकेशन स्केचिंग के लिए समर्पित स्केच आर्टिस्ट्स के वैश्विक समुदाय 'अर्बन स्केचर्स' उदयपुर द्वारा हर रविवार स्केच मीट का शतक पूरा होने के उपलक्ष में सूचना केन्द्र में आयोजित तीन दिवसीय स्केच प्रदर्शनी के दूसरे दिन बुधवार को दर्शकों का खासा उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान कला विशेषज्ञों की मौजूदगी में कला-चर्चा का सत्र आयोजित किया गया। बतौर अतिथि आर्टिस्ट एवं राजस्थान प्रशासनिक सेवा की अधिकारी कीर्ति राठौड तथा आर्टिस्ट एवं साइकोलॉजिस्ट डॉ. सुनीति अमरावत मौजूद रही तथा कलाकारों के साथ कला-चर्चा में खुलकर विचार व्यक्त किए। थियेटर आर्टिस्ट व कश्ती फाउंडेशन प्रमुख श्रद्धा मुर्डिया तथा कहानीकार रजत मेघनानी ने कला चर्चा का प्रभावी संचालन करते हुए कला विशेषज्ञों के साथ चर्चा की। वॉटर कलर की ख्यात आर्टिस्ट आरएएस कीर्ति राठौड़.ने कहा कि हर व्यक्ति में किसी न किसी प्रकार की कला विद्यमान है, बस उसे पहचानने और आकार देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रंगों और रेखाओं में असीम आनन्द की अनुभूति तथा आत्म संतुष्टि मिलती है। हर एक कलाकार को स्वतंत्रता चाहिए और अगर उसे वो दे दी ज़ाए तो अद्भुत कला सृजन हो सकता है।

विसर्जन के साथ पांच दिवसीय गणपति महोत्सव सम्पन्न

राजसमंद, (निसं)। नगर परिषद सहित राजनगर क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक संगठनों, दल व समूह की ओर से आयोजित पांच दिवसीय गणेश महोत्सव का समापन बुधवार को गणपति प्रतिमा विसर्जन के साथ हुआ।

दोपहर दो बजे तक स्टेडियम में चहुंओर वाहनों में प्रतिमाएं एवं श्रद्धालुओं का खासा जमावडा लगा रहा। इसके बाद महोत्सव स्थल पर विराजित गणपति का पूजन व महाआरती शुरु हुई। ये प्रतिमाएं ऑटो रिक्शा, ट्रेक्टर ट्रॉली, जीप आदि खुले

■ **गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों के साथ प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन**

वाहनों में लाई गई थी। इधर, स्टेडियम में महोत्सव के तहत स्थापित प्रतिमा के विसर्जन की तैयारियां की जा रही थी। यहां बैण्ड व डीजे पर बजते मीठे गीत-संगीत एवं गगनभेदी जैकारों के बीच गणपति बप्पा की विशेष पूजा-अर्चना हुई एवं फिर आरती की गई। सभापति अशोक टांक, पूर्व पालिकाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने गजानन महाराज की पूजा-अर्चना की और आरती उतारी और क्षेत्र में समृद्धि व खुशहाली की मंगल कामना की। इसके बाद जैकारों के साथ प्रतिमा को सजे-धजे वाहन में विराजित किया तथा फिर राजनगर क्षेत्र की सभी गणपति प्रतिमाओं की सामूहिक शोभायात्रा रवाना हुई। इसमें दर्जनों खुले वाहनों में प्रतिमाएं सुशोभित थी एवं भक्त सेवा करते चल रहे थे। शोभायात्रा में कई बैण्डबाजे, ढोल और डीजे शामिल थे जिन पर भक्ति संगीत की स्वर लहरियां बिखर रही थी विभिन्न स्थानों से आए प्रसिद्ध ढोल वादक दलों के कलाकार अनूठी शैली में ढोल वादन कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर रहे थे। भक्ति गीतों पर बच्चे और बडे सभी नाच रहे थे। इसके साथ ही भूतों की शिव बारात की प्रस्तुतियां लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र रही। इस दौरान नगर परिषद सभापति अशोक टांक, आयुक्त बृजेश राय, पूर्व पालिका अध्यक्ष सुरेश पालीवाल, अशोक रांका, नेता प्रतिपक्ष हिम्मत कुमावत, पार्षद प्रमोद रेगर, उत्तम खींची, हेमंत रजक, कमलेश पहाडिया, हिम्मत कीर, चम्पालाल माली, हिमानी नंनदवाना, चेतन कुमावत, नारायण गाडरी, किशन गाडरी, सुर्यप्रकाश जांगिड, सुरेश माली, चंचल नंदवाना, आशीष पालीवाल, कैलाश जोशी, कैलाश जोशी, विजय बहादुर जैन, कैलाश निष्कलंक, प्रदीप खत्री, सहित विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व राजनैतिक संगठनों के पदाधिकारी व बडी संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद थे।

शोभायात्रा में शामिल विभिन्न गणेश प्रतिमाएं एवं डीजे की धुन पर थिरकती युवाओं की भीड़।

27 पेंशनर्स को मिली राहत

उदयपुर, (कासं)। पेंशन कार्यालय में एक दिवसीय पेंशनर्स समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक भारती राज ने बताया कि शिविर में लगभग 27 पेंशनर अपनी समस्या यथा जन्मतिथि निर्धारण, नाम व अन्य संशोधन व सेवापुस्तिका विभाग में भिजाने हेतु उपस्थित हुए। शिविर में पेंशनरों की समस्याओं का समाधान हाथों हाथ किया गया। शिविर में उदयपुर पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष भंवर सेठ, कोषाध्यक्ष वरदान मेहता व अन्य जिलों के पेंशनर्स समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए।

GOVERNMENT OF RAJASTHAN
OFFICE OF THE MARRIAGE OFFICER & DISTRICT MAGISTRATE
UDAIPUR, (RAJASTHAN) INDIA

No. F-16/13() SM/Jud/2024/6231 Date: 10/9/2024

PUBLIC NOTICE

Mr. Tushar Jain S/o Anil Kumar Jain R/o 26, Shopping Centre Sector 11 Udaipur 313001 (Mo. 7062786513) and Pinki Jain D/o Hasmukh Jain R/o Ganesh Mandir Ke samne Nya Bus stand Naugama Dist. Banswara 327034 (Mo. 8739818714) have presented an application today for Registration of marriage between them under section 05 of the Special marriage Act 1954.

Therefore, this Notice is being published in the interest of general public under the Special Marriage Act, 1954 {Sec. 6(2)(3)}. That any person having any objection to this marriage may, within thirty days of the Publication of this notice apply in persion or by post in writing to the undersigned specifying the grounds for such objection.

The public Notice has been issued today dated 10/9/2024 under my hand and seal.

MARRIAGE OFFICER
(Add, Distt. Magistrate, City)
Udaipur (Rajasthan) India

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

उदयपुर (मुख्य